Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to set up Kendriya Vidyala in Eastern region of Ahmedabad, Gujarat.

डॉ. किरिट पी. सोलंकी (अहमदाबाद) : अध्यक्ष महोदया, मैं अहमदाबाद का प्रतिनिधित्व करता हूँ। अहमदाबाद शहर बहुत तेजी से विकसित होता हुआ शहर है। वह मेगा-सिटी बन चुका है और उसकी पॉप्युलेशन 17 लाख से भी ज्यादा है। अहमदाबाद के बीच में से रेलवे लाइन का प्रसार भी होता है, जो अहमदाबाद शहर को दो हिस्सों में बाँटती है।

माननीय अध्यक्ष : आप अपनी डिमांड रखिए।

डॉ. किरिट पी. सोलंकी : अहमदाबाद में केंद्रीय विद्यालय वहाँ के पश्चिमी हिस्सों में आए हुए हैं, लेकिन मणिनगर, इंद्रपुरी, अमरायवाड़ी और नरोड़ा जैसे इलाकों में एक भी केंद्रीय विद्यालय नहीं है।

अतः आपके माध्यम से मेरा सरकार से अनुरोध है कि अहमदाबाद के पूर्वी हिस्सों में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष :

श्री शरद त्रिपाठी,

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल एवं

श्री भैरों प्रसाद मिश्र को डॉ. किरिट पी. सोलंकी द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।